प्रैस नोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,राजस्थान,जयपुर।

एसीबी ने आईआईटी जोधपुर में कार्यरत सहायक निदेशक हॉर्टिकल्चर को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर 11 अक्टूबर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर टीम द्वारा शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए आईआईटी जोधपुर में कार्यरत केंद्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक निदेशक हॉर्टिकल्चर को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी, ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि उसे आईआईटी जोधपुर में हॉर्टिकल्चर एवं लैंडस्कैपिंग का 80 लाख रुपए वर्क ऑर्डर मिला था, जिसका कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का सत्यापन कर बिल पास करवाने के लिए सहायक निदेशक प्रदीप कुमार 10% कमीशन के रूप में रिश्वत की मांग कर रहा है। अब तक 34 लाख रुपए के बिल पास हो चुके जिसका 10% के हिसाब से 3 लाख 40 हजार रुपए रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर श्री नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया। सत्यापन के समय सहायक निदेशक प्रदीप कुमार ने 50 हजार रुपये की रिश्वत की राशि ली। आज ट्रैप कार्रवाई के दौरान सहायक निदेशक प्रदीप कुमार 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।